<u>समाचार</u>

<u>शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंची महापौर</u>

<u>(पूजा अर्चना कर आमजन की सुख–समृद्धि की कामना की)</u>



कोरबा 09 मार्च 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने गोकुलनगर में नवनिर्मित शिव मंदिर आयोजित शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान की, उन्होने भगवान शिव की

पूजा अर्चना कर नगर के अमन चैन व आमनागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना की तथा इस मौके पर आयोजित भोग भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित गोकुलनगर खरमोरा में वहां के नागरिकों के द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसमें शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने गोकुलनगर शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की तथा आमजन की सुख–समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर आयोजकों द्वारा भोग भण्डारे का आयोजन किया गया था, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रीमती मंगल बुधिया, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, कांग्रेस नेता बी.एन. सिंह, रविन्द्र शर्मा, एन.के. तिवारी, रामनरेश शर्मा, बैकुण्ठ शर्मा, दमोदर शर्मा, उदय शर्मा, पप्पू शर्मा, अरविंद शर्मा, रामभरोस शर्मा, अबुज शर्मा, धीरज शर्मा आदि के काफी संख्या में श्रद्धालुगण व बस्ती के लोग उपस्थित थे।